50 दिन से खाते में 1.28 करोड़, फिर भी 101 हितग्राही आवास की पहली किस्त से वंचित

पोहरी नगर परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना पर सवाल, हितग्राहियों ने लगाया पक्षपात और लापरवाही का आरोप

नवभारत न्यूज

पोहरी 12 जुलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्का घर देने की योजना पोहरी नगर परिषद में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सवालों के घेरे में आ गई है। नगर परिषद के खाते में 128 हितग्राहियों की प्रथम किस्त की राशि करीब 50 दिन पहले ही 1.28 करोड़ की राशि पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक मात्र 27 हितग्राहियों के खातों में ही किस्त डाली गई है। वहीं 101 पात्र हितग्राही अभी भी अपनी पहली किस्त का इंतजार कर रहे हैं, जिसके कारण उनके आवास निर्माण का काम शुरू नहीं हो पा रहा है।

हितग्राहियों का आरोप है कि जब शासन से राशि जारी हो चुकी है तो नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा किस्त जारी करने में इतनी देरी क्यों की जा रही है। कई हितग्राहियों को तो अभी तक यह भी जानकारी नहीं है कि उनकी आवास योजना की किस्त स्वीकृत होकर नगर परिषद में आ चुकी है या नहीं।

कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

हितग्राहियों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि कुछ लोगों की किस्त जारी कर दी गई, जबकि अन्य पात्र हितग्राही महीनों से इंतजार कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि किस्त डालने में जानबूझकर देरी की जा रही है। वहीं कुछ हितग्राहियों ने आशंका जताई है कि कहीं देरी के पीछे किसी प्रकार की अवैध मांग तो नहीं की जा रही। हालांकि नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा द्वारा पूर्व में माइक से घोषणा कर हितग्राहियों को स्पष्ट रूप से कहा गया था कि आवास योजना की राशि के लिए किसी भी कर्मचारी या व्यक्ति को पैसा नहीं दें।

अध्यक्ष ने सीएमओ को लिखा पत्र, जल्द किस्त डालने के दिए निर्देश : इस मामले में नगर परिषद अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की करीब 1 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि नगर परिषद के खाते में आ चुकी है, लेकिन अभी तक केवल 27 हितग्राहियों को ही प्रथम किस्त का भुगतान हुआ है। शेष पात्र हितग्राहियों को राशि नहीं मिलने से उनमें नाराजगी है और वे पक्षपात के आरोप लगा रहे हैं।

अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में सीएमओ को पत्र लिखकर सभी पात्र हितग्राहियों की किस्त जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि गरीब परिवार अपने आवास का निर्माण शुरू कर सकें।

अब सवाल यह है कि शासन की राशि आने के बाद भी हितग्राहियों को अपने हक के पैसे के लिए 50 दिन तक इंतजार क्यों करना पड़ रहा है? क्या कर्मचारियों की लापरवाही से योजना का लाभ प्रभावित हो रहा है, या फिर इसके पीछे कोई और कारण है? प्रशासन को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

इनका कहना है...

एक साल पहले आवेदन किया था, एक साल से नगर परिषद के चक्कर लगा रहा हूं, अभी तक पैसा नहीं आया।

अजब सिंह परिहार, निवासी वार्ड क्रमांक 15

दीवाली के समय मैने कुटीर के कागज ऑनलाइन करवाए थे, नगर परिषद के बार बार चक्कर काट रहा हूं लेकिन अभी तक कुटीर की किस्त नही आई।

दोजा आदिवासी, निवासी वार्ड क्रमांक 13

हितग्राहियों का पैसा आ गया है तो अभी तक उनके खाते में पैसा क्यों नही डाला गया इसमें कर्मचारियों ने लापरवाही की है। मैने सीएमओ को पत्र भेज दिया है, जिन हितग्राहियों की आवास की किस्त आ गई है उनकी किस्त तत्काल डलवाए।

रश्मि नेपाल वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष पोहरी

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है में तत्काल कलेक्टर, एसडीएम और सीएमओ से बात करता हूं की हितग्राहियों की आवास की राशि क्यों रोकी है।

कैलाश कुशवाह, विधायक पोहरी

शराब तस्कर की रफ्तार पर पत्थर का ब्रेक

शिवपुरी 12 जुलाई। बड़ौदी क्षेत्र स्थित थीम रोड पर शनिवार रात अवैध शराब की तस्करी कर रहा एक आरोपी हादसे के बाद पुलिस के शिकंजे में तो नहीं आया, लेकिन अपनी बाइक और सात पेटी देशी शराब मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना रात करीब 9.30 बजे की बताई जा रही है।

7 पेटी देशी शराब और बाइक छोड़कर भागा आरोपी

जानकारी के अनुसार, आरोपी अपाचे बाइक पर आगे-पीछे बोरियों में देशी शराब भरकर ले जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे पड़े पत्थर से बाइक टकरा गई और चालक गिर पड़ा। हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जुटने लगी। खुद को घिरता देख आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला, जबकि शराब से लदी बाइक वहीं छूट गई। सूचना मिलते ही डायल-112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बाइक क्रमांक एमपी-33-जेडएम-0245 की तलाशी ली, जिसमें से 7 पेटी देशी शराब बरामद हुई। इसके बाद बाइक और शराब को जब्त कर थाने लाया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाइक के पंजीयन रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फरार तस्कर की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान होते ही उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे ने अवैध शराब तस्करों के सक्रिय नेटवर्क की एक बार फिर पोल खोल दी है।

गूगल पर डॉक्टर का नंबर खोजना पड़ा महंगा

शिवपुरी 12 जुलाई। एक एपीके फाइल डाउनलोड करना शहर के प्रमुख ऑटोमोबाइल कारोबारी कपिल गुप्ता के परिवार को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने डॉक्टर के नाम पर भेजे गए लिंक के जरिए मोबाइल पर कब्जा जमाया और कुछ ही देर में बैंक खातों से 2 लाख 94 हजार 202 रुपए साफ कर दिए। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एपीके डाउनलोड करते ही 2.94 लाख की साइबर ठगी

पुलिस के अनुसार, 27 जून 2026 की रात करीब 9 बजे कपिल मोटर्स के संचालक कपिल गुप्ता की पत्नी शिल्पी गुप्ता ने इलाज संबंधी परामर्श के लिए गूगल पर एक डॉक्टर का मोबाइल नंबर तलाशा। नंबर पर संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने डॉक्टर होने का दावा करते हुए मोबाइल पर एक एपीके फाइल भेजी और उसे डाउनलोड करने के लिए कहा। जैसे ही फाइल डाउनलोड की गई, मोबाइल साइबर ठगों के नियंत्रण में चला गया। इसके बाद ठगों ने मोबाइल के जरिए आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों तक पहुंच बनाई और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 2.94 लाख रुपए निकाल लिए। खाते से रकम कटने की जानकारी मिलते ही कपिल गुप्ता ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कपिल गुप्ता वही कारोबारी हैं, जिन्होंने नवंबर माह में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा का आयोजन कराया था और उस आयोजन के बाद जिलेभर में चर्चा में आए थे।

साइबर पुलिस की सलाह : गूगल से मिले किसी भी नंबर पर आंख बंद कर भरोसा न करें और किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल या लिंक डाउनलोड न करें। ऐसा करना आपके बैंक खाते और निजी जानकारी को खतरे में डाल सकता है।

सरसों गबन कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, राजस्थान से आरोपी दबोचा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 12 जुलाई। 20.62 लाख रुपये मूल्य की 250 क्विंटल सरसों के गबन मामले में पोहरी पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को राजस्थान के धौलपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद पोहरी जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के साथ ही मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या पांच हो गई है, जबकि पुलिस अन्य आरोपियों और पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

अब तक 26 लाख का मशरूका बरामद

मामले की शुरुआत 5 मई 2026 को हुई थी, जब ग्राम तिघरा खोड़ निवासी दिनेश धाकड़ ने पोहरी थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 250 क्विंटल सरसों से भरे ट्रक का दुरुपयोग कर करीब 20.62 लाख रुपये की सरसों का गबन कर लिया गया है। शिकायत के आधार पर पोहरी थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक यांगचैन डोलकर भूटिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले

और एसडीओपी आनंद राय के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर तंत्र और साइबर तकनीक के समन्वय से पुलिस ने पहले छोटू जाटव, चालक राजू शर्मा और जितेंद्र बाथम सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रक बरामद किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सरसों से भरे ट्रक को पोहरी मंडी से मुरैना होते हुए धौलपुर ले जाया गया, जहां व्यापारी अनिल मित्तल की कथित मिलीभगत से 120 क्विंटल सरसों छिपा दी गई, जबकि शेष माल एक बिचौलिए के माध्यम से बेच दिया गया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनिल मित्तल के कब्जे से 120 क्विंटल सरसों भी बरामद कर ली। जांच के दौरान फरार चल रहे आरोपी होली पुत्र जनवेद गुर्जर उम्र 36 वर्ष निवासी धौलपुर को भी पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। अब तक पुलिस 120 क्विंटल सरसों (करीब 11 लाख रुपये) और करीब 15 लाख रुपये मूल्य का ट्रक सहित कुल 26 लाख रुपये का मशरूका बरामद कर चुकी है। थाना प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि प्रकरण में बीएनएसएस की धारा 193(9) के तहत विवेचना जारी है। पुलिस पूरे गिरोह की भूमिका, आर्थिक लेनदेन और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है। पोहरी पुलिस की इस कार्रवाई को अंतरराज्यीय अपराध के सफल खुलासे के रूप में देखा जा रहा है, जिसने गबन की बड़ी साजिश का पर्दाफाश कर दिया।

होटल में नाबालिग के साथ मिला युवक, कोतवाली में हंगामा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 12 जुलाई। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में 17 वर्षीय आदिवासी नाबालिग के साथ एक युवक के मिलने की सूचना पर रविवार को जमकर हंगामा हो गया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक अकरम खान को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाने में पूछताछ के दौरान नाबालिग के परिजनों ने युवक के साथ मारपीट कर दी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर उसे अपनी अभिरक्षा में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया।

पत्नी और नाबालिग की मां ने भी की सख्त कार्रवाई की मांग

हिंदू संगठनों का आरोप है कि अकरम खान लंबे समय से नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने संपर्क में रखे हुए था। घटना के बाद संगठन के पदाधिकारी नाबालिग की मां और आरोपी की पत्नी निशा बानो के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आरोपी की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसका पति करीब डेढ़ वर्ष से नाबालिग के संपर्क में था, परिवार की जिम्मेदारियां नहीं निभाता था और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता था। वहीं नाबालिग की मां का कहना है कि मई माह में बेटी घर छोड़कर चली गई थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे बरामद कर परिवार को सौंप दिया था, लेकिन युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से वह फिर उसके संपर्क में आ गया। विहिप पदाधिकारी विनोद पुरी ने युवक पर फोन और व्हाट्सएप के जरिए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। पुलिस के अनुसार, अकरम खान के खिलाफ पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं तथा उसके विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई भी लंबित है। कोतवाली थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे एसडीएम न्यायालय में पेश किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले ने कहा कि दोनों पक्षों की शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल की छुट्टी के बाद ढही जर्जर छत, टला बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 12 जुलाई। कोलारस अनुविभाग के बादलहारा गांव स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। स्कूल की छुट्टी होने के कुछ देर बाद जर्जर बरामदे की छत अचानक भरभराकर गिर गई। घटना के समय विद्यालय पूरी तरह खाली था, जिससे छात्र-शिक्षक सुरक्षित बच गए। यदि यह हादसा स्कूल समय में होता तो गंभीर जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था।

जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 5 बजे विद्यालय के बरामदे की छत अचानक ढह गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। छत गिरने से बरामदे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि उस समय परिसर में कोई मौजूद नहीं था। विद्यालय के प्राचार्य कन्हैयालाल ने बताया कि अतिरिक्त कक्ष लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे पहले ही बंद कर दिया गया था और सभी कक्षाएं मुख्य भवन में संचालित की जा रही थीं। उन्होंने बताया कि भवन की खराब स्थिति की जानकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पहले ही दे दी गई थी तथा मरम्मत या

नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भी भेजा गया था। घटना ने एक बार फिर सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतों और उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाता तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने जिले के अन्य जर्जर स्कूल भवनों का भी तत्काल सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह हादसा प्रशासन के लिए चेतावनी है कि विद्यालयों की जर्जर इमारतों की समय पर जांच और मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

किसानों का इंतजार अब खत्म कराइए : मंत्री सिलावट

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 12 जुलाई। पोहरी विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सरकुला मध्यम सिंचाई परियोजना की धीमी प्रगति को लेकर पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने भोपाल में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने परियोजना में कथित लापरवाही पर चिंता जताते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराने और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की।

सरकुला परियोजना की धीमी रफ्तार पर प्रहलाद भारती ने उठाए सवाल

ज्ञापन में भारती ने बताया कि परियोजना को 4 अक्टूबर 2018 को स्वीकृति मिली थी। इसे 42 माह में पूरा किया जाना था, लेकिन वन भूमि और पर्यावरणीय स्वीकृतियों में

देरी के कारण निर्माण कार्य 23 अक्टूबर 2020 से शुरू हुआ। संशोधित समय-सीमा के अनुसार परियोजना 21 अगस्त 2026 तक पूरी होनी है, लेकिन वर्तमान स्थिति में आधा कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि डूब क्षेत्र की भूमि का अधिग्रहण अब तक लंबित है और निर्माण एजेंसी की कार्यशैली अपेक्षित स्तर की नहीं है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो परियोजना का लाभ किसानों तक पहुंचने में और देरी होगी। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि वर्षा ऋतु के दौरान निर्माण कार्य सीमित रहने की स्थिति में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूरी कराई जाए तथा शेष निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर उसे निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। उनका कहना है कि इस परियोजना के पूर्ण होने से पोहरी क्षेत्र के हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने और परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

विजयवर्गीय समाज ने किया वृहद वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 12 जुलाई। अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा के आह्वान पर रविवार को देशभर में आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत शिवपुरी विजयवर्गीय समाज ने भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दो बत्ती चौराहे स्थित पर्यटक स्वागत केंद्र परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज के सचिव राजेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास है।

समाज के अध्यक्ष अशोक विजयवर्गीय ने कहा कि विजयवर्गीय समाज हमेशा राष्ट्र और समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने सभी से पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल का भी संकल्प लेने का आग्रह किया। उपाध्यक्ष योगेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी प्रत्येक समाज और प्रत्येक नागरिक की है। वहीं संरक्षक हरीशंकर विजयवर्गीय ने समाज के प्रत्येक परिवार से कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने का संकल्प लेने की अपील की। इस अवसर पर दिनेश विजयवर्गीय, रामचरण लाल विजयवर्गीय, प्रेम नारायण विजयवर्गीय, दीपक विजयवर्गीय, राकेश विजयवर्गीय, विजय विजयवर्गीय, सुरेश विजयवर्गीय, अमित विजयवर्गीय, संजू विजयवर्गीय, अशोक विजयवर्गीय (फर्नीचर), गिरिराज विजयवर्गीय, नीरज विजयवर्गीय, अमन विजयवर्गीय, श्रीमती मंजू विजयवर्गीय, श्रीमती अंजू विजयवर्गीय, श्रीमती पुष्पा विजयवर्गीय, श्रीमती ममता विजयवर्गीय, बबीता विजयवर्गीय एवं श्रीमती अरुणा विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता निभाई।

नृसिंह मानस मंडल ने दी भजनों की प्रस्तुति

सीहोर 12 जुलाई. 35 साल से श्री नृसिंह मानस मंडल के तत्वाधान में श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष भी दो दिवसीय भजन संध्या का समापन शनिवार को किया गया. इस अवसर पर भगवान का फूलों से श्रृंगार कर एकादशी का पर्व मनाया गया. संत माधवदास महाराज, जितेन्द्र तिवारी, पवन केवट, सुनील राय, मनोज दीक्षित मामा ने मंडल के दुर्गेश यादव, विष्णु सेन, देवी सिंह, मिथलेश शर्मा, जसवंत ठाकुर, रमेश मेवाड़ा, विनित विश्वकर्मा, आयुष गुप्ता, निकुंज भारद्वाज का सम्मान किया. इस मौके पर संत माधव महाराज ने कहा कि योगिनी एकादशी का व्रत धार्मिक महत्व ही नहीं है. ये व्रत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी बहुत महत्वपूर्ण है.

दो-दो कट्टे लहराकर गैंगस्टर स्टाइल में बनाई रील

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 12 जुलाई। लुकवासा क्षेत्र से सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। वीडियो में एक किशोरनुमा युवक दोनों हाथों में देशी कट्टे जैसे हथियार लहराते हुए गैंगस्टर थीम के गाने पर रील बनाता दिखाई दे रहा है। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वायरल वीडियो में युवक बेखौफ अंदाज में हथियारों का प्रदर्शन करता नजर आ रहा है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो में दिखाई दे रहे हथियार असली हैं या नकली। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि वीडियो कब और कहां बनाया गया तथा उसमें दिख रहा युवक नाबालिग है या बालिग। यदि युवक नाबालिग पाया जाता है तो मामला और गंभीर माना जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है



वीडियो वायरल होते ही पुलिस अलर्ट

कि सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ इस तरह की रीलें बनाना युवाओं में गलत संदेश देता है और अपराधी मानसिकता को बढ़ावा देता है। लोगों ने ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। एसडीओपी संजय मिश्रा ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिलते ही लुकवासा चौकी पुलिस को जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। पुलिस वीडियो की सत्यता, हथियारों की वैधता और युवक की उम्र का सत्यापन कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां से आए और उनका उपयोग किस उद्देश्य से किया गया। जांच में यदि अवैध हथियार रखने, उनका सार्वजनिक प्रदर्शन करने या किसी अन्य कानून के उल्लंघन के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।